हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार, 28 मई 2025

12 सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कसा शिकंजा...



12 शिक्षक सौ प्रतिशत प्लेसमेंट का रखें लक्ष्यः कुलपति



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को

**फतेहाबाद।** पूरे प्रदेश में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में 12 जुलाई को जिला में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन स्थानीय न्यायिक परिसर, उपमंडल रतिया व टोहाना न्यायिक परिसरों में किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री ने बताया कि हालसा के सदस्य सचिव के दिशा निर्देशानुसार जिला फतेहाबाद में जुलाई माह में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत 12 जुलाई को लगाई जाएगी।

### हालसा व नालसा की स्कीमो की दी जानकारी

**टोहाना।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण फतेहाबाद के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के दिशा निर्देशन में गांव अकांवाली में कानूनी शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा भेजी गई मोबाइल वैन द्वारा लगाए जा रहे हैं।

### डांस, मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन आज

**सिरसा।** भारतीय टैलेंट हंट फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष बजाज और उपाध्यक्ष रमेश साहुवाला ने संयुक्त रूप से बताया कि जिले के युवाओं में टैलेंट की कमी नहीं हैं लेकिन बेहतरीन मंच न मिलने के कारण वे अपने टैलेंट को बाहर निकाल नहीं पा रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए भारतीय ट्रस्ट द्वारा आगामी 28 मई को डांस और मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें जिलाभर का टैलेंट अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेगा।

### राहगीरों के लिए लगाई मैंगो शेक की छबील

**सिरसा।** अरदास भक्ति ताली संघ कीर्तन परिवार की तरफ से खाटु श्याम मंदिर पटेल बस्ती में मैंगो शेक की छबील लगाई गई। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि जिस प्रकार भूखे को दो रोटी मिलने पर उसकी आत्मा तृप्त हो जाती है, ठीक उसी प्रकार गर्मियों में राहगीरों को पीने के लिए ठंडा पानी किसी भी रूप में मिल जाए तो वो उनके लिए अमृत से कम नहीं है।

### अहरवां से युवती लापता युवक पर केस दर्ज

**फतेहाबाद।** क्षेत्र के गांव अहरवां से एक युवती के लापता होने का समाचार है। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर उनकी लडक़ी को छिपाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव अहरवां निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 19 साल की लडक़ी गत दिवस बिना बताए घर से कहीं चली गई है और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है।

### कैडेट्स ने निकाली प्लास्टिक जागरूकता रैली

**फतेहाबाद।** मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज बहबलपुर में 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे के निर्देशानुसार मुख्त्यार सिंह मैमोरियल महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने गांव में प्लास्टिक अवेयरनेस रैली निकाली। इस दौरान कैडेट्स ने ग्रामीणों को प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया। साथ ही लोगों को जागरूक किया की प्लास्टिक के प्रयोग से बहुत बीमारियां फैलती है। प्लास्टिक गलता नहीं है और कैसे प्लास्टिक बोतल का पुनः उपयोग करके उनका प्रयोग कैसे कर सकते है। डायरेक्टर अमनदीप कौर ने बताया कि हमें प्लास्टिक पॉलीथीन का प्रयोग न करके कागज के लिफाफे प्रयोग करने चाहिए।

---

### ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री झाड़ साहिब में विशाल मेले का आयोजन

# अमावस्या और शनि जयंती पर मंदिरों में उमड़ी भीड़, गुरूद्वारों के पवित्र सरोवरों में हजारों ने लगाई डुबकी, गुरू ग्रंथ साहिब के आगे नवाया शीश

## अखंड पाठ का भोग डाला, केक काटकर श्रद्धालुओं को प्रसाद किया वितरित, गुरुद्वारे के बाहर लगी विभिन्न स्टॉलें, जमकर हुई खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

ज्येष्ठ माह की अमावस्या और शनि जयंती पर रतिया रोड पर स्थित ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री झाड़ साहिब में विशाल मेले का आयोजन किया गया। इस दिन अखंड पाठ का भोग डाला गया। गुरूद्वारे के पवित्र सरोवर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने डूबकी लगाई और गुरू ग्रंथ साहिब के आगे शीश नवाया। गुरूद्वारे में पूरा दिन श्रद्धालुओं के लिए लंगर चलता रहा। कार्यक्रम को लेकर गुरूद्वारे के बाहर सामान की भी काफी स्टालें लगी हुई थी, जहां लोगों ने जमकर खरीददारी भी की। इसके अलावा फतेहाबाद में पुरानी तहसील चौक स्थित श्री शनि मंदिर सहित जिलेभर के शनि मंदिरों में शनि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर केक काटकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

### मंदिरों व गोशालाओं में भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

अमावस्या को गुरूद्वारा झाड़ साहिब में धूमधाम से मनाया जाता है। इसके अलावा मंदिरों व गौशालाओं में भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अमावस्या पर आम दिनों की अपेक्षा मंदिरों में ज्यादा भीड़ नजर आई। इसके अलावा गौशालाओं में भी दान के लिए काफी संख्या में लोग पहुंचे और गौसेवा की। इस दिन स्नान, ध्यान व दान करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है। साथ ही पितरों के लिए पिंडदान, तर्पण विधि, दान व श्राद्ध किया जाता है, ऐसा करने से अमावस्या पर पितरों का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। इस बार अमावस्या पर कई शुभ योग भी बने रहे, जिससे इस दिन का महत्व काफी बढ़ गया है। इस अमावस पर भी गुरूद्वारे में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पवित्र सरोवर में स्नान करने के बाद गुरू ग्रंथ साहिब के आगे शीश नवाकर अपनी मन्नतें मांगी। अमावस्या पर स्नान-दान का महत्व बहुत अधिक माना जाता है। दरअसल अमावस्या सोमवार 26 मई को दोपहर 12:11 बजे से शुरू हो गई थी जो मंगलवार 27 मई को सुबह 8:31 बजे तक रही। यह दिन स्नान, दान, जप और तर्पण के लिए विशेष फलदायी माना गया है। यही कारण रहा कि यहां जिलेभर में सोमवार को सोमवती अमावस व मंगलवार को ज्येष्ठ अमावस व शनि जयंती एक साथ मनाई गई।





**फतेहाबाद।** गुरूद्वारा झाड़ साहिब में सरोवर में स्नान करते श्रद्धालु व श्री श्याम मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाते श्रद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

---

## गर्मी का प्रकोप: ओपीडी ने 1 हजार का छुआ आंकड़ा

# बुखार, उल्टी-दस्त, डायरिया और पेट दर्द के मरीजों की बढ़ी संख्या

*» गांव में हकीमों से इलाज करवा रहे लोग*

*» प्राइवेट अस्पतालों में भी मरीजों की बढ़ोतरी*

### फिजिशियन के पास अधिक भीड़ देखने को मिल रही

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पिछले 15 दिनों से पड़ रहे लू के थपेड़ों का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ना शुरू हो गया है। दो सप्ताह से यहां बुखार, उलटी, दस्त व पेट दर्द के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हालात यह हैं कि गांव व शहर में नीम-हकीमों, आरएमपी डाक्टरों के साथ नागरिक अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हो गया है। फतेहाबाद के सरकारी अस्पताल में ओपीडी की संख्या 500 से बढक़र 800 से 1000 प्रतिदिन हो गई हैं। उधर, छाती रोग विशेषज्ञ के पास पहले 50 के करीब ओपीडी होती थी लेकिन अब 100 से अधिक ओपीडी बढ़ गई है। अधिकतर लोग बुखार, जुकाम व खांसी की शिकायत लेकर आ रहे है। इसके अलावा चर्म रोग के मरीज भी रिकार्ड संख्या में अस्पताल पहुंच रहे हैं। मौसम में आए बदलाव के कारण ऐसा देखने को मिल रहा है। गांवों में वायरल बुखार तेजी से फैल रहा है। ऐसे में लोग गांवों में कार्य कर रहे आरएमपी, नीम-हकीम डाक्टरों से ही दवाइयां ले रहे है। अगर मरीज लंबे समय तक ठीक नहीं हो रहे तो शहर की तरफ आ रहे है। सरकारी अस्पताल की तरफ प्राइवेट अस्पतालों में भी ओपीडी लगातार बढ़ रही है। फिजिशियन के पास अधिक भीड़ देखने को मिल रही है। यह वायरल बुखार है। अगर कुछ दिनों तक दवाइयां का सेवन किया जाए तो यह ठीक भी हो सकता है। इसके अलावा लोगों में उल्टी-दस्त, डायरिया, पेट दर्द के मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है।




**फतेहाबाद।** नागरिक अस्पताल के ओपीडी काउंटर पर मरीजों की भीड़।

### बदलता मौसम शरीर पर डाल रहा असर

मौसम में आए बदलाव का असर शरीर पर पड़ रहा है। दिन के समय अधिकतम तापमान रिकार्ड 44 डिग्री तक पहुंचा है। ऐसे में रात का तापमान एकाएक कई डिग्री तक बढ़ोतरी हो गई है। यह भी अब 28 डिग्री को छू गया है। यही कारण है कि हमारा शरीर इतनी गर्मी को सहन नहीं कर पा रहा है। अगर लंबे समय तक गर्मी रहेगी तो हमारा शरीर इसका आदी हो जाएगा और बुखार आदि भी नहीं आएगी। ऐसे में चिकित्सक लोगों को सलाह भी दे रहे है कि एकाएक गर्म स्थान पर रहने के बाद एकाएक ठंडे स्थान पर ना जाए। अगर ऐसा जाएंगे तो शरीर पर इसका प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

### ये रखे सावधानियां

- ⏭ अगर बुखार है तो जांच करवाने के बाद ही दवाइयां ले।
- ⏭ अगर प्राथमिक तौर पर बुखार ठीक नहीं हो रहा है चिकित्सकों से संपर्क करे।
- ⏭ छोटे बच्चों को विशेष ध्यान रखे।
- ⏭ इस मौसम में खान-पान में भी बदलाव करना चाहिए।

### नागरिक अस्पताल में बढ़ी ओपीडी

| ओपीडी | पहले | अब |
|---|---|---|
| महिला रोग विशेषज्ञ | 100 | 150 |
| चर्म रोग विशेषज्ञ | 200 | 300 |
| छाती रोग विशेषज्ञ | 50 | 100 |
| मनोचिकित्सक | 30 | 45 |
| दंत रोग विशेषज्ञ | 100 | 120 |
| नाक-कान की ओपीडी | 30 | 110 |
| अन्य ओपीडी | 50 | 100 |

### जरूरी न होने पर घर से निकलने का करें परहेज

*मौसम में बदलाव आ गया है। ऐसे में लोग बुखार, खांसी व जुकाम की चपेट में आ रहे है। भीषण गर्मी को शरीर सहन नहीं कर पा रहे है। अगर लंबे समय से बुखार है तो चिकित्सकों से दवाइयां अवश्य लेनी चाहिए। अगर ज्यादा जरूरी न हो तो लोग घर से बाहर निकलने से परहेज करें।* **-मनीष टुटेजा,** *छाती रोग विशेषज्ञ नागरिक अस्पताल फतेहाबाद।*

---

# डबवाली अनाज मंडी में बवाल, प्रधान सहित अन्य पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

डबवाली अनाज मंडी में गेहूं के सीजन के दौरान आढती एसोसिएशन द्वारा लिए गए एक निर्णय पर अब बवाल हो गया है। बवाल इतना बढ़ गया कि इससे नाराज आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान गौरव मोंगा, उपप्रधान विकास बांसल, सचिव राजेश जिंदल व कोषाध्यक्ष विनोद जिंदल ने अपने-अपने पद से सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। गौरव मोंगा ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने व अन्य पदाधिकारियों ने अपना इस्तीफा सरपरस्त कमेटी को भेज दिया है। गौरव मोंगा ने कहा कि पिछले सीजन के दौरान उन्होंने अन्य पदाधिकारियों के साथ मिलकर अनाज मंडी के व्यापारियों व अन्य वर्गों के हित में फंड जुटाने के लिए एक फैसला लिया था। इस फैसले पर सब की सहमति थी। काम भी फैसले के मुताबिक हुआ। लेकिन अब कुछ दिन बाद इस फैसले पर किंतु परंतु शुरू हो गई है। कुछ लोगों ने फैसले का विरोध किया जो की कतई जायज नहीं। उन्होंने कहा कि इससे संगठन के पदाधिकारियों के सर्व हित के निर्णय को ठेस पहुंची हैं। उन्होंने कहा कि जब से वह प्रधान बने हैं तब से व्यापारियों व अनाज मंडी के अन्य वर्गों में तालमेल कर व्यापार हित कार्य किए हैं। कुछ लोगों को यह रास नहीं है इस कारण उन्होंने इस्तीफा दिया है।

### क्या है पूरा मामला

*सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आढती एसोसिएशन ने गेहूं के सीजन में किसी अन्य व्यक्ति की मार्फत गेहूं की बोरियों की सिलाई का अप्रत्यक्ष काम किया था। इसमें उनका मकसद एसोसिएशन का कुछ फंड जुटाना था। जिससे सर्व हित के काम किए जाने थे। यह सब कुछ ठीक-ठाक निपट गया और एसोसिएशन के पास कुछ रकम भी जमा हो गई। लेकिन अचानक कुछ आढ़ती इसका विरोध करने लगे और अपनी राशि वापस मांगने लगे। बताया जा रहा है कि इस मामले में एसोसिएशन के एक पुराने पदाधिकारी ने पर्दे के पीछे भूमिका निभाई। जब कुछ आढती पैसे वापस मांगने लगे तो उन्हें पैसे वापस कर दिए गए। लेकिन इससे एसोसिएशन के वर्तमान पदाधिकारियों की नाराजगी भी सामने आई। अब जब बात में सामूहिक फैसले के सम्मान की बात आई तो प्रधान व अन्य पदाधिकारियों ने सामूहिक इस्तीफा दे दिया।अब यह देखना है कि उनका इस्तीफा स्वीकार किया जाता है या फिर एसोसिएशन में उठें बवाल में कोई नया मोड़ आता है।*

---

# जिला पुस्तकालय को पपीहा टूरिस्ट कॉम्पलैक्स में शिफ्ट करने की मांग

- नगर परिषद प्रधान ने उपायुक्त को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

प्रशासन ने बीडीपीओ कार्यालय में चल रहे जिला पुस्तकालय को नए बस स्टैंड में शिफ्ट कर दिया है। इसके चलते युवाओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। नगर परिषद प्रधान राजेंद्र सिंह खिंची से मंगलवार को सामाजिक संगठन के लोग मिले और शहर में जगह दिलवाने की मांग रखी। प्रधान खिंची ने मंगलवार को उपायुक्त मनदीप कौर को पत्र लिखकर शहर में ही पपीहा टूरिस्ट कॉम्पलेक्स में जगह देने की मांग की है। उपायुक्त को लिखे पत्र में प्रधान ने कहा कि जिला पुस्तकालय जो कि खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय के एक भवन में चल रहा है। यह भवन कंडम होने की वजह से यहां से पुस्तकालय स्थानांतरित किया जा रहा है तथा उक्त समस्या को लेकर पुस्तकालय में आने वाले विद्यार्थी, पाठकगण, शहर की संस्थाएं व पार्षदगण मिलकर मांग भी कर चुके है कि जब तक जिला पुस्तकालय के लिए नए भवन का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक इस पुस्तकालय को किसी ऐसे भवन में स्थानांतरित किया जाए जहां विद्यार्थियों, पाठकों व वरिष्ठ नागरिकों को पुस्तकालय तक पहुंचने में सुविधाजनक है।



नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिंची।

---

# चोरी के मामले में 8 सालों से फरार चल रहा युवक काबू

- सितंबर 2022 में कोर्ट ने आरोपी को भगौड़ा किया था घोषित
- आईपीसी की धारा 174ए के तहत केस दर्ज कर लिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

गांव धारसूल कलां स्थित प्राथमिक विद्यालय में चोरी करने के मामले में 8 सालों से फरार चल रहे युवक को थाना सदर टोहाना के अंतर्गत आने वाली कुलां पुलिस चौकी की टीम ने गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सोनू उर्फ जैली पुत्र हरपाल सिंह निवासी धारसूल कलां के रूप में हुई है। इस आरोपी को सितंबर 2022 में कोर्ट ने भगौड़ा घोषित कर दिया था। यह शातिर आरोपी बार-बार अपने ठिकाने बदल कर पुलिस को चकमा देता रहा। मगर अब वह पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि पुलिस चौकी कुलां प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक दलवीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने अभियुक्त सोनू उर्फ जैली को कड़ी निगरानी और सुनियोजित कार्रवाई के बाद गिरफ्तार किया। बता दें कि 28 जुलाई 2017 की रात गांव धारसूल कलां स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय से दो गैस सिलेंडर एवं 208 किलोग्राम गेहूं की चोरी हुई थी। आरोप था कि सोनू उर्फ जैली ने स्कूल में ताले तोडक़र चोरी की है। उस समय पुलिस ने जेबीटी टीचर विकास कुमार की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया था। बाद में पुलिस ने जांच के दौरान सोनू उर्फ जैली का पता लगाकर उसे पकड़ा। सोनू उर्फ जैली के खिलाफ टोहाना कोर्ट में केस चला। मगर वह कोर्ट में निर्धारित समय पर हाजिर नहीं हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि इसके बाद कोर्ट ने 3 सितंबर 2022 को उसे भगौड़ा घोषित कर दिया। पुलिस ने उसके खिलाफ इसी दिन आईपीसी की धारा 174ए के तहत केस दर्ज कर लिया। आज पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में हिसार जेल भेजा गया है।



**फतेहाबाद।** पुलिस गिरफ्त में पकड़ा गया युवक सोनू उर्फ जैली।

---

# जिला स्तरीय अखाड़ा प्रतियोगिता 3 व 4 जून को

- जिला कुमार-कुमारी एवं जिला केसरी दंगल का किया जाएगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

खेल विभाग की ओर से स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में 3 व 4 को जिला स्तरीय कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता, जिला कुमार / कुमारी एवं जिला केसरी दंगल का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताओं के तहत अंडर-17, जूनियर अंडर-21 व सीनियर श्रेणी के मुकाबले होंगे। जिला स्तर पर विजेता खिलाड़ी 10 से 13 जून तक जिला पंचकूला में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। जिला खेल आकिरी जगदीप ने बताया कि फ्री स्टाइल (ब्वायज) के सभी इवेंट का आयोजन तीन जून को होगा, जिसके लिए खिलाड़ियों का वजन माप इसी दिन सुबह आठ से नौ बजे तक होगा।

### जिले के पहलवान ही ले सकते हैं हिस्सा

*जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जिला सिरसा के पहलवान ही भाग ले सकते हैं अन्य जिलों के पहलवान इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते। अखाड़ा इंचार्ज यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके अखाड़े से कोई पहलवान दूसरे अखाड़े या जिले से हिस्सा न लें। प्रतिभागी को जिला से संबंधित दस्तावेज जैसे जिला का रिहायशी प्रमाण या बिजली का बिल या ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट या बैंक अकाउंट की कॉपी दिखाने होंगे। इसके अतिरिक्त सभी खिलाड़ी अपने साथ जन्म प्रमाण-पत्र, एक फोटो सहित निर्धारित समय पर पहुंचना होगा।*

---

# विधायक सेतिया ने पार्टी नेताओं की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**सिरसा।** कांग्रेस विधायक गोकुल सेतिया ने अपनी ही पार्टी और पार्टी नेताओं की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। विधायक गोकुल सेतिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट भी शेयर करके नाराजगी जाहिर की है। यह मामला कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा के विवाद से जुड़ा है कि किस तरह उनके पक्ष में रोहतक सांसद दीपेंद्र हुड्डा और अन्य नेताओं के बयान आए थे। विधायक सेतिया ने पोस्ट में लिखा है कि कांग्रेस के विधायकों के साथ हुई ज्यादती का हमारी लीडरशिप ने मोर्चा खोलकर उस ज्यादती के खिलाफ बोलने का काम किया, वो अच्छी बात है। अपने लोगों के लिए स्टैंड लेना भी चाहिए, पर शायद मुझे कांग्रेस के नेता उन्हें अपना नहीं समझते, क्योंकि उन्होंने मुख्यमंत्री की तारीफ की। इसलिए जब भी जनता की लड़ाई लड़ते उनके साथ ज्यादती हुई, पार्टी के किसी नेता ने उनका साथ नहीं दिया। उन्होंने लिखा कि वे तो केवल एक पॉजिटिव राजनीति को आगे बढ़ाना चाहते हैं। अगर किसी ने सिरसा का भला किया तो शुक्रिया करना क्या गलत है? उन्होंने कौन से भाजपा ज्वाइन कर ली है? उन्होंने कहा कि वे जनता द्वारा दिए हौसले से काम करते हैं और हमेशा उनके आशीर्वाद से उनके हकों की लड़ाई हौसले से लड़ते रहेंगे, चाहे नेतागण साथ दे या न दें।

---

### फिलिंग पीरियड शुरू होने के बाद डैम से पानी भाखड़ा मेन लाइन व भाखड़ा मेन ब्रांच की नहरों में पानी बहना शुरू

# फतेहाबाद ब्रांच नहर में 1500, रतिया ब्रांच में 300 क्यूसिक पानी छोड़ा गया

- नहरों में 2 जून तक पानी छोड़ा गया
- सिंचाई विभाग जिले की पूरी नहरों को ग्रुप में बांटकर नया शेड्यूल तैयार करेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

पिछले दो माह से भाखड़ा डैम में पानी किल्लत के चलते जिले में सिंचाई व पेयजल के लिए पानी की काफी दिक्कत हो गई थी। अब भाखड़ा डैम में फिलिंग पीरियड शुरू होने के बाद डैम से पानी भाखड़ा मेन लाइन व भाखड़ा मेन ब्रांच की नहरों में पानी बहना शुरू हो गया है। जिले में इस समय भाखड़ा मेन लाइन के अलावा इसकी मुख्य लिंक नहरों व डिस्ट्रीब्यूटरियों में पानी सप्लाई शुरू हो गई है। इन नहरों में 2 जून तक पानी छोड़ा गया है। इसके बाद सिंचाई विभाग जिले की पूरी नहरों को ग्रुप में बांटकर नया शैड्यूल तैयार करेगा और उसी शैड्यूल अनुसार नहरों में पानी छोड़ा जाएगा।



**फतेहाबाद।** नहरों में बहता पानी। फोटो : हरिभूमि

### भाखड़ा मेन ब्रांच में 1700 क्यूसिक पानी का बहाव हो रहा

इस समय जिले में भाखड़ा मुख्य लाइन से निकलने वाली नरवाना ब्रांच, भाखड़ा मेन लाइन की आरडी 390, बरवाला लिंक नहर, भाखड़ा मेन ब्रांच सिस्टम टेल, फतेहाबाद ब्रांच, रतिया ब्रांच में पानी बह रहा है। रतिया ब्रांच नहर का पानी मंगलवार सुबह छोड़ा गया है जो बुधवार सुबह तक जिले में पहुंच जाएगा। बता दें कि इस समय भाखड़ा मेन ब्रांच में 1700 क्यूसिक, फतेहाबाद ब्रांच में 1500 क्यूसिक, रतिया ब्रांच में 300 क्यूसिक पानी का बहाव हो रहा है। नहरों में पानी आने से किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं। नरमा उत्पादक किसानों ने बिजाई के साथ-साथ पहली सिंचाई भी शुरू कर दी है। हालांकि पिछले दिनों हुई बरसात से खेतों में सिंचाई के लिए पानी की जरूरत अभी कम है।



# 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर रिलीज कॉमेडी का मिला फुल डोज...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे हिट कॉमेडी फ्रेंचाइजी में से एक हाउसफुल एक बार फिर से दर्शकों को हंसी का फुल डोज देने के लिए तैयार है। 'हाउसफुल 5' का ट्रेलर अब सामने आ चुका है और इसे देखकर फैंस की उत्सुकता और भी बढ़ गई है। फिल्म में एक बार फिर से अक्षय कुमार और रितेश देशमुख की जोड़ी धमाल मचाने को तैयार है। साथ ही इस बार कॉमेडी का तड़का लगाने के लिए कई नए चेहरे भी नजर आने वाले हैं। फिल्म में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख से लेकर संजय दत्त, जैकलीन फर्नांडिस, नरगिस फाखरी, सोनम बाजवा नजर आ रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं तरुण मनसुखानी।

## लाइफ Style



# नोरा
## अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड में बिखेरा जलवा

अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स 2025 के 51वें संस्करण का आयोजन बीते दिन सोमवार को लास वेगास में हुआ। हालांकि, भारत में इसका प्रसारण मंगलवार की सुबह हुआ। इस समारोह में दुनिया भर के दिग्गज कलाकारों ने शिरकत की। इसी कणी में भारतीय अभिनेत्री नोरा फतेही ने भी शानदार प्रस्तुति दी, जिस कारण वहां मौजूद सभी लोगों का ध्यान एक्ट्रेस ने अपनी ओर खींच लिया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अमेरिकन म्यूजिक अवॉड्र्स में शामिल हुईं, जिसे अमेरिकन सिंगर जेनिफर लोपेज द्वारा आयोजित किया गया है। एक्ट्रेस ब्लैक कलर की वन पीस ड्रेस पहने नजर आ रही हैं, जिस पर शीशे और मोतियों से भी वर्क हुआ है। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को खुला रखा है और हल्के मेकअप के साथ शानदार अंदाज में पोज देकर तस्वीरें क्लिक करा रही हैं, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही अपने नवीनतम सिंगल म्यूजिक 'स्नेक' की सफलता के बाद से ऊंचाइयों को छू रही हैं, क्योंकि इसे काफी पंसद किया जा रहा है। इस संगीत में अभिनेत्री के साथ अमेरिकन गायक और डांसर जेसन डेरुलो भी शामिल हैं। दोनों के द्वारा तैयार किया गया यह ट्रैक 'स्नेक' न केवल बीबीसी एशियन म्यूजिक चार्ट में शीर्ष पर रहा, बल्कि 130 मिलियन से अधिक बार देखा गया। इस उपलब्धि ने दुनियाभर में अभिनेत्री के प्रशंसकों और भारतीय संगीत प्रेमियों को खुश कर दिया है। नोरा फतेही के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार 'द रायल्स' सीरीज में देखा गया था। इसके अलावा वह अभिषेक बच्चन अभिनीत फिल्म 'बी हैप्पी' में भी नजर आईं थीं।

## हॉलीवुड मसाला



# पुरुष-महिला डांसर्स को किया किस

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड 2025 में कुछ ऐसा हुआ जिसे देखकर हर कोई शॉक्ड रह गया। दरअसल, एक्टर-सिंगर जेनिफर लोपेज अवॉर्ड समारोह की ओपेनिंग सेरेमनी में परफॉर्मेंस दे रही थीं। तभी जेनिफर ने कुछ ऐसा किया कि वहां बैठे लोग हैरान रह गए। जेनिफर लोपेज ने अपन परफॉर्मेंस के दौरान स्टेज पर ही अपने साथ डांस करने वाले तीन बैकस्टेज डांसर्स को किस कर लिया। इनमें लड़के और लड़कियां दोनों शामिल थे। जेनिफर ने अवार्ड शो की शुरुआत डांस मेडली से की, जिसमें उनके कई बैकअप डांसर्स के साथ एक धमाकेदार किस-ऑफ भी शामिल था।



# जस्टिन बीबर लाइव शो में हुए बेकाबू ...

**लॉस एंजिल्स।** म्यूजिक आइकॉन जस्टिन बीबर एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्होंने लॉस एंजिल्स के सोफी स्टेडियम में सोलाना इमानी रोवे और केंड्रिक लैमर के 'ग्रैंड नेशनल टूर' कॉन्सर्ट में सरप्राइज अपीयरेंस से दर्शकों को हैरान कर दिया। उन्होंने स्टेज पर सोलाना इमानी रोवे के साथ परफॉर्म किया। लेकिन, देखते ही देखते सिंगर ने उनके हाथों पर चूमना शुरू कर दिया। उनकी ये हरकत कई यूजर्स को पसंद नहीं आई। वो ये कह रहे हैं कि ये सब देखकर उनकी बीवी हैली बीबर के ऊपर क्या बीत रही होगी! जस्टिन बीबर का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और एक बार फिर सिंगर की मेंटल हेल्थ पर सवाल उठने लगे हैं। वो स्टेज पर गाना गाते-गाते कहीं खो से गए। फिर उन्होंने एसजेडए का हाथ चूम लिया। ये सबकुछ फैंस को अटपटा सा लग रहा है।



# लोगों से हजम नहीं हो रहा मेरा सम्मान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने हाल ही में 78वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी ग्लैमरस मौजूदगी से खूब सुर्खियां बटोरीं। इसी बीच हाल ही में अभिनेत्री का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें उर्वशी एक होटल की सीढ़ियों पर पोज देती नजर आईं। इसके बाद एक इन्फलुएंसर ने दावा किया गया कि उन्होंने फोटोशूट के लिए रास्ता जाम कर दिया था, जिससे दूसरे लोगों को परेशानी हुई। इन आरोपों पर अब उर्वशी ने चुप्पी तोड़ ली है। उर्वशी ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट शेयर कर सभी आरोपों को बेबुनियाद करार दिया। उन्होंने आगे लिखा कि कुछ लोग इस सच्चाई को पचा नहीं पा रहे कि एक भारतीय अभिनेत्री ग्लोबल लेवल पर इतनी सराहना पा रही है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा कि उनका फोटोशूट पूरी तरह से नियमों के तहत हुआ था।



# बिग बी ने जीवन संघर्ष पर किया पोस्ट

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। वे फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम के अलावा ब्लॉग भी लिखते हैं। नियमित रूप से इन प्लटेफॉर्म पर वे अपने निजी और पेशेवर जिंदगी से जुड़ी चीजें शेयर करते हैं। हालांकि, पिछले कुछ वक्त से वे एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर ब्लैंक पोस्ट कर रहे थे। मगर, अब यह सिलसिला तोड़ दिया है और पोस्ट के साथ कुछ विचार या अपडेट लिखते हैं। मंगलवार को उन्होंने एक पोस्ट शेयर कर अपने दिवंगत पिता व कवि हरिवंश राय बच्चन की कविता की एक लाइन लिखी। 'जब तक जीवन है, तब तक संघर्ष है'। ये लाइनें कवि हरिवंश राय बच्चन की लिखी हुई हैं। अमिताभ बच्चन का पोस्ट आते ही हमतरह नेटिजन्स के रिएक्शन आने लगे।

## टीवी मसाला



# कभी मिलते थे 50 रुपए, 'जेठालाल' कैसे बने करोड़ों के मालिक...

**नई दिल्ली।** टीवी के सबसे चहेते किरदारों में से एक 'जेठालाल'को कौन नहीं जानता। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'में जेठालाल का किरदार निभाने वाले दिलीप जोशी ने 26 मई को अपना 57वां जन्मदिन मनाया। लेकिन, इस मुकाम तक पहुंचने की उनका सफर आसान नहीं रही। कभी 50 रुपए के लिए नाटकों में बैकस्टेज काम करने वाले दिलीप जोशी आज टीवी इंडस्ट्री के सबसे महंगे एक्टर्स में से एक हैं। दिलीप जोशी का जन्म 26 मई 1968 को गुजरात के पोरबन्दर में हुआ। उन्होंने काफी समय तक थिएटर किया और उसके बाद वो एक्टिंग में आए। उनका एक्टिंग कॅरियर फिल्मों से शुरू हुआ था। उन्होंने सलमान खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैंने प्यार किया' में रामू का किरदार निभाया था, जिसमें वो एक हाउस हेल्प के रोल में नजर आए थे। इसके बाद उन्होंने शाहरुख खान के साथ 'वन 2 का 4' में भी काम किया। फिल्म में उनका किरदार छोटा जरूर था, लेकिन दिल जीत लेने वाला था। इसके अलावा वो हम आपके हैं कौन, फिर भी दिल है हिन्दुस्तानी, खिलाड़ी 420, दिल है तुम्हारा जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। सफलता की इस चमक के पीछे एक लंबा संघर्ष छिपा है। एक इंटरव्यू में दिलीप जोशी ने खुलासा किया था कि एक्टिंग में कॅरियर बनाने से पहले वो लगभग एक साल तक बेरोजगार रहे। इस दौरान उन्होंने एक ट्रेवल एजेंसी में को-ओनर के रूप में काम किया था। करीब पांच साल तक उन्होंने वहां काम किया, लेकिन उनका दिल तो एक्टिंग में ही था। जब काम नहीं मिला तो वो किसी भी छोटे-मोटे रोल को करने के लिए तैयार रहते थे।

## कुश शाह ने क्यों छोड़ा 'तारक मेहता' शो

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'पिछले डेढ़ दशक से भी ज्यादा समय से दर्शकों को एंटरटेन कर रहा है। इस दौरान कई सितारे इस शो से बाहर हो चुके हैं। हाल ही में गोली का किरदार निभाने वाले कुश शाह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा'को छोड़ने को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि उन्हें शूटिंग की आज भी बहुत याद आती है। कुश ने यह भी कहा कि शो छोड़ना उनके लिए जरूरी था ताकि वह कुछ अलग कर सकें। मुझे सेट्स पर रहना बहुत याद आता है, क्योंकि वही मेरा घर था। लेकिन, मुझे अपने लिए यह फैसला लेना पड़ा, क्योंकि अब मैं 27 साल का हो गया हूं और मुझे लगा कि अब कुछ करने का वक्त आ गया है। मुझे लगता है कि यह शो हमेशा चलता रहेगा, क्योंकि दर्शक इसे प्यार करना बंद नहीं करेंगे। कुश शाह ने कहा, 'मुझे तारक मेहता शो, वहां के लोग, सब बहुत पसंद हैं। मैं उस माहौल का सच में दीवाना था। हमने कोविड के दौरान भी शूटिंग की थी। हम दमन शिफ्ट हो गए थे और वहीं शूट किया था। ऐसा एक भी दिन नहीं गया, जब मैं सुबह उठा हूं और कहीं जाना नहीं पड़ा हो।



# दीपिका के फिल्म छोड़ने पर भड़के संदीप वांगा...

**मुंबई।** मशहूर निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'स्पिरिट'को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म से दीपिका पादुकोण के बाहर होने के बाद अब तृप्ति डिमरी को बतौर लीड एक्ट्रेस शामिल किया गया है। लेकिन, दीपिका पादुकोण के फीस और काम के घंटों को लेकर फिल्म छोड़ने का विवाद अब गहराता जा रहा है। क्योंकि, अपने बेबाक बयानों के लिए मशहूर संदीप रेड्डी वांगा दीपिका पादुकोण के इस फैसले से नाखुश हैं। निर्देशक ने सोशल मीडिया पर क्रिप्टिक पोस्ट किया है, जिसे दीपिका पादुकोण से जोड़कर देखा जा रहा है। संदीप ने लिखा है, जब मैं किसी एक्टर को कहानी सुनाता हूं, तो मैं उस पर 100% भरोसा करता हूं। हमारे बीच एक अनकहा एनडीए (नॉन डिस्क्लोज एग्रीमेंट) होता है। लेकिन, ऐसा करके, आपने उस व्यक्ति को डिस्क्लोज कर दिया है, सामने ला दिया है, जो आप वास्तव में हैं। एक युवा एक्टर को नीचा दिखाना और मेरी कहानी को बाहर करना? क्या यही आपका फेमिनिस्म है? एक फिल्म निर्माता के रूप में मैंने अपने क्राफ्ट के पीछे सालों की कड़ी मेहनत की है। मेरे लिए फिल्म मेकिंग ही सब कुछ है।



# संजय दत्त की वो ब्लॉकबस्टर, जिसे साउथ ने 4 बार किया कॉपी-पेस्ट...

*नई दिल्ली। संजय दत्त की फिल्म 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय और अनिल कपूर ने रिजेक्ट किया था।राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने संजय के करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। यूं तो संजय दत्त ने कॅरियर में कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। मगर एक ब्लॉकबस्टर ऐसी है जिसे शाहरुख खान, विवेक ऑबेरॉय से लेकर अनिल कपूर जैसे स्टार्स ने रिजेक्ट कर दिया था। मगर जब संजय दत्त ने वो फिल्म की, तो ये उनके कॅरियर के लिए जैकपॉट साबित हुई। साउथ में भी कई भाषाओं में इसके रीमेक बने और सब के सब हिट साबित हुए।*

**सुनील दत्त भी आए थे नजर :** ये है 'मुन्नाभाई एमबीबीएस'। जिसे राजकुमार हिरानी ने लिखा और डायरेक्ट भी किया। साल 2003 में आई इस फिल्म ने एक बार फिर संजय दत्त के कॅरियर की जड़े मजबूत कर दी। जिसमें उनके पिता सुनील दत्त भी नजर आए थे। इसके अलावा अरशद वारसी, रोहिणी और ग्रेसी सिंह भी फिल्म का हिस्सा थे।

**मिला था नेशनल अवॉर्ड :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को न सिर्फ समीक्षकों और फैंस ने पसंद किया, बल्कि साल 2004 में बेस्ट पॉपुलर फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। ये शुरुआत में शाहरुख खान, आर माधवन, अनिल कपूर और विवेक ओबेरॉय के पास भी पहुंची थीं, लेकिन फिर उन्होंने रिजेक्ट कर दी थी।



**'लगे रहो मुन्ना भाई' भी सुपरहिट हुआ साबित :** 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का बजट 12 करोड़ रुपए था और इसने 33 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। फिल्म इतनी हिट हुई कि 2006 में इसका सीक्वल 'लगे रहो मुन्ना भाई' भी आया और वो भी सुपरहिट साबित हुआ। मुन्ना भाई 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' को हॉलीवुड फिल्म 'पैच एडम्स' से प्रेरित बताया जाता है, जिसमें रॉबिन विलियम्स ने लीड रोल निभाया था।

**ये फिल्में हैं 'एमबीबीएस' का रीमेक :** अब आते हैं साउथ रीमेक पर, तो 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का तेलुगु में 2004 में बना 'शंकर दादा 'मुन्नाभाई एमबीबीएस' का रीमेक थी, जिसमें चिरंजीवी और सोनाली बेंद्रे थे। फिल्म सुपरहिट रही। उसी साल तमिल में बना 'वसूल राजा एमबीबीएस ', जिसमें कमल हासन लीड रोल में थे। ये भी हिट रही। 2007 में कन्नड़ में बनी 'उप्पी दादा एमबीबीएस, जिसमें उपेन्द्र थे, लेकिन फिल्म कुछ खास नहीं चली। 2017 में श्रीलंका में सिंहला भाषा में बनी 'डॉ. नवारियन', जिसमें रंजन रमणायके थे और ये फिल्म वहां भी हिट साबित हुई। इस तरह 'मुन्नाभाई एमबीबीएस ' का जहां-जहां रीमेक बना उनके लिए ये फिल्म किसी खजाना से कम नहीं रही।

## अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए किया गया सम्मानित

# सामंथा-शिल्पा से लेकर सारा तेंदुलकर तक, इवेंट में लगा सेलेब्स का जमावड़ा

*मुंबई। बीते सोमवार को एक अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया। इस अवॉर्ड नाइट में बॉलीवुड की कई हस्तियां मौजूद रहीं। जिनमें शिल्पा शेट्टी, भूमि पेडनेकर, सामंथा रुथ प्रभु, अदिति राव अलाया एफ, टाइगर श्रॉफ, जायद खान और सारा तेंदुलकर भी मौजूद रहीं। इस अवॉर्ड नाइट में सेलेब्स को उनके अलग-अलग कामों के लिए सम्मानित किया गया। अब इस अवॉर्ड नाइट से सेलेब्रिटीज के लुक्स काफी वायरल हो रहे हैं।*

### ब्लैक एंड व्हाइट ड्रेस में खूबसूरत लगीं शिल्पा



इस कार्यक्रम में शिल्पा शेट्टी ब्लैक एंड व्हाइ कलर की फैशनेबल ड्रेस में नडर आईं। शिल्पा ने अपने इंस्टाग्राम पर भी इस इवेंट से अपने लुक की कई तस्वीरें और वीडियो शेयर किए।



### फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस में पहुंचीं सामंथा

साउथ से बॉलीवुड का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस-प्रोड्यूसर सामंथा रुथ प्रभु भी इस अवॉर्ड नाइट में खूबसूरत लगीं। सामंथा ने एक स्लीक, फॉर्म-फिटिंग डार्क ब्राउन ड्रेस पहनी। जिसमें स्टाइलिश साइड कट-आउट हैं, जिसमें लेस-अप डिजाइन है जो बाजुओं के नीचे से हेम तक जाता है। उनके आउटफिट को ब्लैक और गोल्ड पॉइंटेड-टो हील्स के साथ पेयर किया गया है। उनके बालों में ढीले, चमकदार लहरें हैं। सामंथा ने कैमरे के सामने काफी पोज भी दिए।

### सारा तेंदुलकर भी आईं अवॉर्ड नाइट में नजर



इस अवॉर्ड नाइट में भारत के दिग्गज क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर भी पहुंची। ऑफ शोल्डर ब्लैक ड्रेस में सारा बेहद खूबसूरत नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपने बालों में एक बन बनाया हुआ था।

### स्टाइलिश ड्रेस में भूमि ने बिखेरा हॉटनेस का जलवा



हाल ही में वेब सीरीज 'द रॉयल्स' में अपनी हॉट अदाएं दिखाने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर भी इस कार्यक्रम में शिरकत पहुंचीं। भूमि पेडनेकर ने बकाइन और क्रीम धारियों वाला एक फ्लोर-लेंथ गाउन में अवॉर्ड समारोह के रेड कार्पेट पर उतरीं। एक स्टाइलिश ओवरसाइज्ड ऑफ-व्हाइट केप-स्टाइल ड्रेप वाली ड्रेस में भूमि काफी खूबसूरत नजर आईं।

### खूबसूरत नजर आईं अदिति राव हैदरी

अवॉर्ड नाइट में एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी एक ऑफ शोल्डर स्टाइलिश ड्रेस में पहुंचीं। चमकदार ब्लैक एंड गोल्डेन कलर की लॉन्ग स्कर्ट में अदिति बेहद खूबसूरत लगीं। उन्होंने एक स्लीक बन और बोल्ड इयररिंग्स के साथ अपने लुक को कंपलीट किया।

### अलाया एफ का हॉट लुक

अभिनेत्री अलाया एफ भी इस कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचीं। अलाया एक स्टाइलिश ड्रेस में बेहद हॉट नजर आईं। अलाया सिल्वर कलर के स्टाइलिश टॉप और ब्लैक कलर की स्टाइलिश लॉन्ग कट वाली स्कर्ट में रेड कार्पेट पर उतरीं।

## खबर संक्षेप

### मकान में सेंध लगाकर नकदी व आभूषण चोरी

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव बेगू स्थित बिजली घर के समीप एक बंद पड़े मकान से चोर एक लाख रुपए की नकदी व दो सोने की अंगूठी चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में महिला नीलम ने बताया कि वे ईरा लॉरेल गार्डन में नया मकान बना रहे हैं। बीती 25 मई की सुबह परिवार के सदस्य नवनिर्माणित मकान को देखने के लिए गए थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने पीछे से उनके मकान में घुसकर अलमारी के ताले तोडक़र उसमें रखी एक लाख रुपए की नकदी व दो सोने की अंगूठी चोरी कर ली। शाम को जब वे घर गए तो उन्हें घटना का पता चला। अंदर जाकर देखा तो कमरे में सामान बिखरा पड़ा था।

### भुगतान न होने से किसानों व आढ़तियों में रोषः गर्ग

**सिरसा।** खरीफ सीजन की खरीद 15 तारीख को समाप्त हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद अभी भी बहुत से किसानों को व आढ़तियों को उनका भुगतान नहीं किया गया है, जिससे उनमें रोष है। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के शहरी अध्यक्ष कीर्ति गर्ग ने भुगतान न होने पर असंतोष जताते हुए कहा कि काफी संख्या में बैंक खाते अपडेट न होने के कारण उनका भुगतान फेल दिखा रहा है, जिसके बारे में किसी भी एजेंसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। गर्ग ने कहा कि किसानों का जल्द से जल्द भुगतान किया जाए। आढ़ती दो महीने से अपनी आढ़त का इंतजार कर रहे हैं, उनकी खरीफ सीजन की आढ़त भी सरकार को जल्द से जल्द देनी चाहिए।

### बिजली मिस्त्री बताकर 50 हजार चुराए

**सिरसा।** शहर के हुडा सेक्टर में एक निर्माणाधीन मकान में एक युवक अपने आप को बिजली मिस्त्री बताकर वहां पड़े एक बैग से 50 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गया। पुलिस को दी शिकायत में सूरतगढिया बाजार निवासी मनप्रीत सिंह ने बताया कि वह हुडा सेक्टर-20 में अपना नया मकान बना रहा है। मकान में लकड़ी मिस्त्री जसपाल सिंह कार्य कर रहा था। उसके साथ ही बने कमरे में बैग रखा हुआ था, जिसमें 50 हजार रुपए की नकदी थी। घर में आए युवक ने लकड़ी मिस्त्री को अपने आप को बिजली मिस्त्री बताया और कमरे में पड़े बैग से 50 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ले गया।

### पुलिस ने नशा सप्लायर को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा मुक्त अभियान के तहत टोहाना पुलिस ने तीन सालपुराने मामले में एक नशा सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान विकास उर्फ छोटा पुत्र अशोक कुमार निवासी किला मोहल्ला, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 25 फरवरी 2022 को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस टीम गश्त के दौरान टोहाना के मेन बाजार से किला मोहल्ला की गली से गुजर रहीथी तो वहां खड़े एक युवक को शक के आधार पर काबू किया।

### ट्रक चालक से के मामले में दूसरा आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** भूना पुलिस ने पैदल जा रहे ट्रक चालक से मारपीट कर नकदी व मोबाइल छीनने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को रेवाड़ी के धारूहेड़ा से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान विक्की उर्फ पाडा पुत्र रमेश कुमार निवासी वार्ड नं. 7 भूना के रूप में हुई है। इस मामले में एक विक्की पुत्र रणधीर निवासी वार्ड नं. 3 भूना को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। भूना थाना प्रभारी इंस्पैक्टर सुरेन्द्रा ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 10 नवंबर 2024 को गांव नाढोडी निवासी सुनील कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह आदमपुर मंडी में ट्रक पर ड्राइवरी करता है। शाम को सोनू नामक ट्रक ड्राइवर के साथ लहरियां पेट्रोल पम्प पर छोडक़र वापस आ रहा था। रास्ते में एक थ्री व्हीलर पर आए दो युवकों ने उसे पकड़ लिया और जबरदस्ती उसकी जेब से 7300 रुपये निकाल लिए।

## श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर में आयोजित वार्षिक महोत्सव का समापन

# जिस रूप में भी भगवान को मानो, उसी रूप में मदद को रहते तैयार : ज्ञानानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद


फतेहाबाद। स्वामी तुलसीदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते स्वामी ज्ञानानंद महाराज। फोटो : हरिभूमि

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि सनातन धर्म किसी मजहब और देश से संबंधित नहीं है अपितु जब से सृष्टि प्रारंभ हुई है तब से ही सनातन प्रारंभ हुआ है। वह मंगलवार को रामनिवास मोहल्ला स्थित श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर में आयोजित वार्षिक महोत्सव के समापन अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन कर रहे थे। उनके अलावा कैमरी आश्रम के संत राजदास महाराज ने भी प्रवचनों और भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को भावमय कर दिया। मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर स्वामी ज्ञानानंद महाराज का मंदिर प्रबंधन कमेटी और श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया।

ज्ञानानंद महाराज ने प्रवचन करते सनातन के बारे में बताते हुए कहा कि जिसके द्वारा यह सृष्टि बनी है, उसके द्वारा ही सनातन का प्रारंभ हुआ। उन्होंने कहा कि जब सृष्टि नहीं थी तब भी परमात्मा थे तब सृष्टि हुई तो भी परमात्मा है और सृष्टि नहीं रहेगी तो भी परमात्मा रहेंगे। हमारा शरीर भी है तो परमात्मा की चेतना के कारण से हैं। अगर हमारा चिंतन सही होगा तो विष भी अमृत बन जाता है। जिस तरह से मीरा के चिंतन में राणा द्वारा भेजा गया विष भी अमृत बन गया। महाराज ने कहा कि कुछ लोग सवाल उठाते हैं कि सनातन धर्म में कितने भगवान है। लोग पता नहीं कहां कहां जाकर माथा टेकते हैं। उन्होंने कहा कि ये सनातन धर्म की कमजोरी नहीं है अपितु ये ऐसी विशेषता है जोकि विश्व में किसी के पास नहीं हैं। आप जिस रुप में भी भगवान को मानो, भगवान उसी रूप में आपकी मदद को तैयार रहेंगे। संत राजदास जी महाराज ने कहा कि सत्संग सुनने मात्र से उद्धार नहीं होता सुनने के बाद उस पर विचार जरुर करना चाहिए। सुनकर अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह परीक्षा में हम पास होने के लिए एक तय अंक प्राप्त करते हैं, उसी तरह हमें भी सत्संग को सुनकर उतना तो अपने जीवन में उतार लेना चाहिए जिससे कि हमारा उद्धार हो सके।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर राजेंद्र मुखी, किशन नारंग, किरण नारंग, अनिल वधवा, रणबीर चौधरी, राजीव चौधरी, पवन आहूजा एडवोकेट, तुलसीदास रहेजा, वेद नारंग, हरीश झांब, बसंत मुंजाल, सुभाष खुराना, ईश मेहता, डॉ. रमेश मुंजाल ने पूजा अर्चना में भाग लिया।

### मनुष्य की बाहरी और अंदर के भावों को शुद्ध करती है भगवत गीता : ज्ञानानंद महाराज

**फतेहाबाद।** गीता जीवन का आधार है। गीता के सुनने मात्र से हमें सद्मार्ग की प्राप्ति होती है। जो व्यक्ति गीता को अपने जीवन में अपना लेता है। वह अपने संपूर्ण जीवन को आनंदमय तरीके से जीता है। यह बात गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज द्वारा स्थानीय अनाज मंडी में श्री कृष्ण कृपा जीयो गीता परिवार द्वारा आयोजित दिव्य गीता सत्संग के दूसरे दिन उपस्थित भक्तजनों से कहे। स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने कहा कि भगवत गीता एक दर्पण की तरह है। दर्पण हमें हमारे शरीर की बाहरी सुंदरता को दिखाता है लेकिन भगवत गीता मनुष्य की बाहरी और अंदर के भावों को शुद्ध करता है। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम आजाद ने अपने अंतिम समय में नालंदा यूनिवर्सिटी में कहा कि विश्व में जब भी अस्थिरता व अराजकता होगी तो उसे शांति व सद्मार्ग पर लाने का काम एकमात्र ग्रंथ गीता ही है। उन्होंने कहा कि आज के युग में युवाओं को गीता की जरूरत है। युवाओं को भगवत गीता के पात्र अर्जुन की सोच, शांति सद्भाव को अपनाना चाहिए ताकि भारत देश को एक विकसित राष्ट्र बनाने में उनकी अहम भूमिका निभा पाएं। इस अवसर पर पूर्व विधायक दुड़ाराम, रतिया के पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के पुत्र सुरेन्द्र गंगवा, राधेश्याम नारंग, रणबीर चौधरी, दर्शन नागपाल, डॉ. सुनील मेहता, रामराज मेहता, गुलशन सेठी, नेहा मित्तल, प्रेम मुटरेजा सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।


फतेहाबाद। पूर्व विधायक दुड़ाराम को सम्मानित करते स्वामी ज्ञानानंद महाराज।


फतेहाबाद। अधिकारियों को निर्देश देते उपायुक्त मनदीप कौर।

## मानसून से पहले की तैयारी, जिले में 15 में से 2 ड्रेन की हुई सफाई

- जीटी रोड पर सभी वाटर कन्वर्टरों की सफाई के दिए निर्देश
- पुलियों की सफाई करवाएगी जिला परिषद
- 15 जून तक काम करना होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ आगामी बरसाती सीजन के मद्देनजर बाढ़ से बचाव को लेकर बैठक की अध्यक्षता कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस दौरान उपायुक्त मनदीप कौर ने मुख्यमंत्री को जिले में बाढ़ से बचाव के लिए की जा रही तैयारियों से अवगत करवाया। उपायुक्त मनदीप कौर ने मुख्यमंत्री को बताया कि फतेहाबाद में कुल 15 ड्रेन हैं, जिनमें से 2 की सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष बची ड्रेनों की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर जारी है, जिसे मनरेगा के तहत करवाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि फतेहाबाद शहरी क्षेत्र में लगभग 5 किलोमीटर लंबी ड्रेन की साफ सफाई का कार्य भी युद्ध स्तर पर चल रहा है जिसे बहुत जल्द पूरा करवा लिया जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि बरसाती सीजन को लेकर लोक निर्माण विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि शहर के अंदर किसी भी सूरत में बाढ़ का पानी नहीं आने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल निकासी के लिए 83 बिजली से चलने वाले पंप सैट, 13 डीजल से चलने वाले पंप सैट और 38 वर्टिकल टर्बाइन होने के साथ-साथ पानी निकासी के लिए समूचित व्यवस्था उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जिले में सभी रिंग बांधों की मजबूती के कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। लोक निर्माण विभाग और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद को सभी पुलियों की सफाई करने बारे निर्देश जारी किए गए है और बाढ़ से बचाव कार्यों को 15 जून से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

## सरकार कर रही वायदाखिलाफी, संगठन होगा आंदोलन के लिए मजबूर : सीताराम

- एचकेएनएल के तहत भर्ती कर्मचारियों को दो माह से नहीं मिल रहा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों का ही यह एक उदाहरण है कि हरियाणा रोजगार कौशल निगम के तहत भर्ती कर्मचारियों को पांच साल पूरे होने के बाद भी जॉब कार्ड नहीं दिए गए। यहां तक कि पिछले दो माह से वेतन भी नहीं मिला है। यह बात हरियाणा गवर्मेंट पीडब्लयूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन के शाखा प्रधान सीताराम सुथार ने कही। वो मंगलवार को यूनियन की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक का संचालन राजू शर्मा ने किया। इस अवसर पर यूनियन के जिला प्रधान सुभाष गोदारा और बीएंडआर शाखाके प्रधान राजेश कुमार फौजी ने भी भाग लिया।

बैठक को संबोधित करते हुए सीताराम सुथार ने कहा कि कौशल रोजगार निगम के तहत भर्ती करते हुए सरकार ने पांच साल की नौकरी के बाद जॉब कार्ड और 60 साल की उम्र तक नौकरी का जो आश्वासन दिया था, वो अभी तक पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि कर्मचारियों का दो महीने का वेतन भी बकाया पडा है। कर्मचारी नेता ने कहा कि इस कारण कर्मचारियों के सिर पर नौकरी से हटाने की तलवार लटकी हुई है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सरकार को चाहिए कि जॉब कार्ड और 60 साल की उम्र तक नौकरी की गारंटी देने के साथ उनका बकाया पडा वेतन, साबुन, डांगरी व रैनकोट उपलब्ध करवाए जाएं। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि अगर सरकार ने जल्द ही इन मांगों पर संज्ञान नहीं लिया तो यूनियन आंदोलन को मजबूर होगी।


फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे उपस्थित**

बैठक में उपप्रधान अमित शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, मुकेश सुथार, उपप्रधान मुकेश कडवासरा, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, बलवंत कुमार, धर्मपाल बिश्नोई, कुलदीप कुमार, राकेश कुमार, शमशेर, सतबीर सिंह, संजय कुमार, भालसिंह, मदनलाल, विनोद कुमार, प्रेम कुमार, अशोक कुमार, ज्वाला सिंह, जसवंत सिंह, बैधनाद, सुरजीत सिंह आदि कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया।

## मैरिट प्राप्त विद्यार्थियों को ट्रस्ट ने किया सम्मानित

**सिरसा।** जिला के गांव फूलकां स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से मैरिट में आए विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रिंसीपल देवकी नंदन ने कहा कि विद्यार्थियों व स्टाफ की मेहनत के कारण ही शानदार परीक्षा परिणाम रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विद्यार्थियों ने 10वीं कक्षा में 6, 12वीं आर्ट में 8 और 12वीं साइंस में 12 बच्चों ने मैरिट में स्थान प्राप्त कर स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया। ट्रस्ट के प्रधान गुलाब सिंह राठी व उनकी टीम द्वारा सभी विद्यार्थियों को पुरस्कार व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। सिद्धार्थ कुलडिया ने विद्यार्थियों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। हरभजन सिंह सिद्धू ने कहा कि अगर इरादा दृढ़ हो और सही मार्गदर्शन से आगे बढ़ा जाए तो सफलता मिलने में देर नहीं लगती। इसलिए मन लगाकर पढ़ाई करते हुए अपना व अभिभावकों का नाम रोशन करें। इस मौके पर डॉ. सुनील कुलडिया ने कहा कि सरकारी स्कूलों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। सरकार की ओर से बेहतर सुविधाएं दी जा रही है। स्टाफ भी बहुत मेहनती है, जिसका परिणाम शानदार रिजल्ट के रूप में हमारे सामने है। इस मौके पर प्रहलाद सिंह राठी, सीताराम राठी, रामनिवास राठी, सज्जन कुलडिया, संजय कुलडिया, कुलदीप राड, विनय कुलडिया सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।


सिरसा। ट्रस्ट मैरिट प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### श्री अग्रवाल परिवार सेवा ट्रस्ट की हुई बैठक

**सिरसा।** श्री अग्रवाल परिवार सेवा ट्रस्ट की बैठक प्रधान सुनील कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी किए जाने वाले समाजसेवी कार्यों को लेकर चर्चा की गई।ट्रस्ट के प्रवक्ता कमल सिंगला ने बताया कि बैठक में अग्रवाल समाज के हित में कई निर्णय लिए गए। उन्होंने बताया कि नए सैशन 2025-26 के लिए आर्थिक व सामाजिक रूप से उपेक्षित अग्रवाल परिवार के प्रतिभाशाली बच्चों की पढ़ाई के लिए ट्रस्ट की ओर से अलग-अलग स्कूलों में 2.47 लाख रुपए की राशि फीस के लिए सहयोग स्वरूप दी गई। सिंगला ने बताया कि इसके अलावा ट्रस्ट द्वारा पूर्व में किए जा रहे समाजसेवी कार्य जैसे सफाई अभियान, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने के कार्य में भी और तेजी लाई जाएगी, ताकि आमजन को अधिक से अधिक राहत पहुंचाई जा सके। इस मौके पर अनिल गोयल, सीताराम जमालिया, महेंद्र गर्ग, सुनील कुमार, दीपक गोयल, संदीप गोयल, विकास अग्रवाल, संजय गोयल आदि मौजूद रहे।

### विद्यार्थी मन लगाकर करें पढ़ाईः फुटेला

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिरसा में बुनियाद का नव सत्र मंगलवार को प्रारंभ हुआ। उप जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला ने बुनियाद कक्षा के समक्ष एक पौधा लगाकर सत्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सौभाग्यशाली हैं कि आप जिला के विभिन्न स्कूलों से अपनी मेहनत और लग्न से इस मुकाम पर आए हैं। आप अपने सभी विषयों का गहनता से अध्ययन करें और अपने माता-पिता गुरुजनों का नाम रोशन करे।



### पूर्व प्रधानमंत्री को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**सिरसा।** कांग्रेस भवन में देश के पहले प्रधानमंत्री और आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने पंडित नेहरू के जीवन, उनके योगदान और भारत को आधुनिक, लोकतांत्रिक एवं प्रगतिशील दिशा देने वाले उनके विचारों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने भारत को विज्ञान, तकनीक और शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इस अवसर पर जयराज सिंह नेहरा, सहीराम सहारन, शंकर सैनी, बलदेव सिंह, जग रोशन, संगीत कुमार, श्रवण सैनी, रोबिन सेनी, हरीश कुमार, आरव ग्रोवर, अनिल शर्मा, नायब सिंह थिराज, छोटू सिंह, प्रवीण शर्मा सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।



### कृषि से जुड़ी जानकारी के बारे में किया जाएगा जागरूक

**सिरसा।** केंद्र व प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 29 मई से 12 जून तक सिरसा जिले के 135 गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य किसानों को कृषि से जुड़ी नवीनतम जानकारी, तकनीकों और सरकारी योजनाओं से अवगत कराना है, जिससे उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित की जा सके। उप निदेशक कृषि डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि अभियान के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र एवं केन्द्रीय कपास अनुसंधान संस्थान, सिरसा के वैज्ञानिक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, बागवानी विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी गांवों में जाकर किसानों से सीधा संवाद करेंगे। वे किसानों को कृषि, बागवानी, पशुपालन और मत्स्य पालन से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे।उन्होंने बताया कि यह अभियान जिले में प्रतिदिन तीन टीमों द्वारा चलाया जाएगा, जो हर दिन नौ गांवों का दौरा करेंगी।

### क्रेसण्ट स्कूल में विद्यार्थियों को 'गुड टच- बैड टच' एवं मोबाइल के दुष्प्रभावों की दी जानकारी

**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में 23 से 27 मई तक कक्षा पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए जागरूकता एवं परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र विद्यार्थियों को जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करने, आत्म-सुरक्षा के प्रति सजग बनाने एवं उनके समग्र विकास को दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित किए गए। यह विद्यार्थियों की मानसिक, सामाजिक और नैतिक जागरूकता को बढ़ाने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम था। इन सत्रों के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों को 'अच्छा स्पर्श-बुरा स्पर्श' विषय की जानकारी दी गई ताकि वे अपनी सुरक्षा को लेकर जागरूक हो सकें तथा किसी भी असुविधाजनक स्थिति को समझकर सही निर्णय ले सकें। दूसरा विषय 'मोबाइल के सीमित उपयोग एवं उस पर नियंत्रण की आवश्यकता' की जानकारी दी गई जो कक्षा पहली से दसवीं तक के सभी विद्यार्थियों के लिए समान रूप से प्रस्तुत किया गया। इस विषय के अंतर्गत विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के अत्यधिक प्रयोग से आंखों की कमजोरी, पढ़ाई में ध्यान भंग होना, सामाजिक दूरी बढना आदि दुष्प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।



## अपनी राजनीतिक ताकत को पहचानें महिलाएंः सुनैना चौटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

इनेलो महिला विंग की प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं को अपनी राजनीतिक ताकत पहचानकर सशक्त होना होगा। सुनैना मंगलवार को डबवाली रोड स्थित इनेलो जिला कार्यालय में इनेलो महिला विंग के जिला स्तरीय सम्मेलन में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में केवल इनेलो ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक संगठन है जो महिलाओं के हितों और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने आरोप जड़ा कि भाजपा शासन में महिलाएं किसी भी रूप में सुरक्षित नहीं हैं और उनसे बलात्कार, छीना झपटी और दुव्र्यवहार की घटनाएं दिनोंदिन बढ़ रही हैं। सुनैना चौटाला ने कहा कि भाजपा के पास महिलाओं के पास कोई कल्याणात्मक योजना नहीं है और यदि है तो उसे अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका है। उन्होंने कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल व पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला ने महिलाओं के कल्याण के लिए देवीरूपक, जच्चा बच्चा व कन्यादान जैसी अनेक योजनाएं आरंभ कर उनका जीवन बेहतर बनाया था।


सिरसा। इनेलो महिला विंग के जिला स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए सुनैना चौटाला।



भूना। सनशाइन स्कूल के शूटिंग में क्वालिफाई विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## हरियाणा शूटिंग में भूना के 5 छात्र स्टेट लेवल पर पहुंचे

**भूना।** सन शाइन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पांच छात्रों ने चौथी हरियाणा प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। सभी ने स्टेट लेवल के लिए क्वालिफाई किया। प्रतियोगिता 17 से 26 मई तक दिल्ली में हुई थी। परिणाम मंगलवार को घोषित हुआ। कक्षा 10वीं की छात्रा सान्वी ने राइफल शूटिंग में पूरे हरियाणा में 38वां स्थान हासिल किया। कक्षा 9वीं के समीर और विराट ने भी राइफल शूटिंग में क्वालिफाई किया। कक्षा 6वीं के विवेका और कक्षा 7वीं के रितेश ने पिस्टल शूटिंग में जगह बनाई। इन छात्रों की मेहनत से स्कूल और भूना क्षेत्र का नाम रोशन हुआ। स्कूल में मिठाइयां बांटी गईं। छात्रों का स्वागत किया गया। प्रबंध निदेशक प्रेम सिंह नैन, रामलाल लहरियां और राजेश कुमार नेहरा ने छात्रों को बधाई दी। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रिंसिपल कविता नैन ने बताया कि प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सन शाइन स्कूल के छात्रों ने अपनी अलग पहचान बनाई। मंगलवार को स्कूल में इन छात्रों को सम्मानित किया गया। उन्हें आगे के लिए प्रोत्साहित किया गया।

**समीक्षा बैठक** कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, अनुशासन और उत्तरदायित्व को प्राथमिकता देने के निर्देश

# एसपी ने थाना मोहर्र, मालखाना प्रभारी, नशा मुक्ति टीम एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों के साथ की समीक्षा बैठक

- थाने में शिकायत लेकर आए नागरिकों के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करते हुए समस्याओं का करें समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिला भर के सभी थानों के थाना मोहर्र, मालखाना प्रभारी, नशा मुक्ति टीम के केयरटेकरों एवं थानों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यों के प्रति सजग रहने, पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा अभिलेखों एवं रिकॉर्डों के सुव्यवस्थित संधारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। थाना मोहर्रों को निर्देशित करते हुए एसपी ने कहा कि वे थाना डायरी, केस डायरी, चालान एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का समयबद्ध अद्यतन सुनिश्चित करें। साथ ही, थाने में शिकायत लेकर आने वाले नागरिकों के साथ मैत्रीपूर्ण एवं संवेदनशील व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीर अनुशासनात्मक दृष्टि से देखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने मालखाना प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अभियोगों में जब्त किए गए वाहनों एवं माल-मकदमों की विधिवत एंट्री सुनिश्चित की जाए, उनका सुरक्षित रख-रखाव, प्रामाणिक दस्तावेजीकरण तथा नियमित निरीक्षण किया जाए। साथ ही मालखानों की साफ-सफाई एवं सुव्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

नशा मुक्ति टीम के केयरटेकरों हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि नशा पीड़ित व्यक्तियों की पहचान, सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार, नशा छुड़ाने हेतु प्रभावी प्रयास, काउंसलिंग एवं पुनर्वास की प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाए जाने की आवश्यकता बताई गई। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि दवाओं की उपलब्धता, परामर्श और देखभाल में किसी प्रकार की कोताही न हो, जिससे पीड़ित व्यक्ति समाज की मुख्यधारा से पुनः जुड़ सकें। पुलिस अधीक्षक ने थानों में नियुक्त सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों को निर्देशित किया कि वे पुलिस पोर्टल, एफआईआर, चार्जशीट, कोर्ट प्रेषण, इन्वेस्टिगेशन मॉड्यूल सहित अन्य ऑनलाइन सिस्टम पर कार्यों को समयबद्ध, सटीक एवं अद्यतन रखें। डाटा एंट्री में किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएग


फतेहाबाद। समीक्षा बैठक को संबोधित करते एसपी सिद्धांत जैन।

## खबर संक्षेप

### ईरा कालोनी में घर से नकदी व आभूषण चोरी

**सिरसा।** सिविल लाइन सिरसा पुलिस ने ईरा लॉरेल गार्डन कालोनी निवासी नीलम पत्नी जबर सिंह की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी व सेंधमारी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में नीलम ने बताया कि 25 मई को वह अपने निर्माणाधीन घर की देखरेख के लिए गए थे और शाम को वापस लौटे। लौटने पर घर की जाली टूटी हुई पाई। अज्ञात व्यक्ति ने घर से एक लाख रुपये की नगदी और सोने की दो रिंग चुरा ली। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### केबल चोरी गिरोह के तीन सदस्य काबू

**सिरसा।** ब्रसदर थाना पुलिस ने गांव वैदवाला स्थित खेत से ट्यूबवेल की केबल तार चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को काबू किया है। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह ने बताया कि वैदवाला निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र अजीत सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 17 मई 2025 की रात को अज्ञात युवकों द्वारा खेत में ट्यूबवेल की मोटर पर लगी करीब 630 फुट केबल तार चोरी करके ले गए है। पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आधार पर थाना सदर सिरसा में केबल तार चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई है।

### रेस्टोरेंट में आग लगने से लाखों का नुकसान

**डबवाली।** शहर के चौटाला रोड पर स्थित ग्रील मास्टर नामक रेस्टोरेंट में आग लगने की वजह से लाखों का नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट की वजह से लगी और फिर तेजी से वहां रखे सामान और फर्नीचर में आग फैली गई। इस बारे में फायर ब्रिगेड को सूचित किया और मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। रेस्टोरेंट संचालकों के मुताबिक आग के कारण 10 से 15 लाख रुपए का नुकसान होने का अंदेशा है।

### छात्रों को एनीमिया से बचाव के दिए टिप्स

**रतिया।** राजकीय प्राथमिक स्कूल लाली रोड, वार्ड नंबर 17 रतिया व गांव दादुपुर में मंगलवार को एनीमिया और पोषण मूल्य पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में सुपरवाईजर पूजा रानी व सुनीता रानी ने एनीमिया के कारण, लक्षण और बचाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आयरन युक्त आहार, नियमित जांच और स्वच्छता अपनाकर इस बीमारी से बचा जा सकता है। सुपरवाईजर पूजा रानी ने राजकीय प्राथमिक स्कूल वार्ड 17 में छात्रों को संतुलित आहार का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि हरी सब्जियां, दालें, फल, दूध व सूखे मेवे हमारे शरीर की ऊर्जा का मुख्य स्रोत हैं और मानसिक विकास में सहायक होते हैं। इस दौरान सुपरवाईजर सुनीता रानी ने गांव दादुपुर में मोबाइल वैन के माध्यम से लैंगिक समानता व बेटियों की शिक्षा पर ध्यान देने बारे जागरूक किया गया। उन्होंने महिलाओं को बेटियों के शिक्षित होने के फायदों के बारे में बताया।

## सड़क सुरक्षा, शांति व्यवस्था व महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाया जा रहा विशेष अभियान : एसपी

# सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस ने कसा शिकंजा, 70 बुलेट के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार सडक़ सुरक्षा, शांति व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाया जा रहा विशेष अभियान लगातार प्रभावी होता जा रहा है। पुलिस की टीमों ने हाल ही में मनचलों, नशे में वाहन चलाने वालों, नियम तोडऩे वालों और बुलेट पटाखा बजाने वाले युवकों पर शिकंजा कसते हुए कई कड़े कदम उठाए हैं। बुलेट मोटरसाइकिलों में अवैध रूप से लगवाए गए मॉडिफाइड साइलेंसर से पटाखे जैसी आवाज निकालने वालों को अब अपनी शौकीनी महंगी पड़ रही है। पुलिस ने कई बुलेट जब्त कीं और मौके पर ही साइलेंसर निकलवाए। इन युवाओं को कानूनी कार्रवाई के साथ-साथ सामाजिक चेतना का पाठ भी पढ़ाया गया ताकि वे भविष्य में ऐसा दोहराने से बचें। नशे की हालत में वाहन चलाना न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि जानलेवा भी।



**फतेहाबाद।** वाहनों की चैकिंग करते पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

ऐसे कई वाहन चालकों को मौके पर पकड़ा गया और उनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की गई। कई वाहनों को इम्पाउंड किया गया है। शहर के बाजारों, पार्कों, स्कूल-कॉलेजों के पास बिना वजह घूमने वाले, महिलाओं से छींटाकशी करने वाले या हुड़दंग करने वाले युवकों की पहचान कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई। कुछ मामलों में परिजनों को बुलाकर सामाजिक जवाबदेही भी तय करवाई गई। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने स्पष्ट रूप से कहा कि हमारा उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि लोगों की सुरक्षा और समाज में अनुशासित वातावरण बनाना है। नागरिकों से अपील है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, नशे में वाहन न चलाएं और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि फतेहाबाद पुलिस का यह विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा और जो भी व्यक्ति कानून तोड़ेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जीरो टॉलरेंस की नीति पूरी सख्ती के साथ लागू की जाएगी।

### मई माह में पुलिस द्वारा किए गए चालान

| | |
|---|---|
| बुलेट पटाखा बजाने वाले | 70 |
| नशे में वाहन चलाने वाले | 120 |
| ट्रिपल राइडिंग (तीन सवारी) | 170 |
| बिना नंबर प्लेट वाले वाहन | 80 |
| ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियां | 50 |
| रॉन्ग पार्किंग के मामले | 71 |
| लापरवाही से वाहन चलाना | 60 |

### नहीं बख्शे जाएंगे मनचले, सार्वजनिक स्थानों पर अब महिला सुरक्षा के लिए जवान तैनात


फतेहाबाद। सार्वजनिक स्थानों पर युवकों से बातचीत करती महिला पुलिस टीम

**फतेहाबाद।** जिले में महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में एक विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं को भयमुक्त वातावरण देना और मनचलों व असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ा संदेश देना कि अब कोई भी अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फतेहाबाद पुलिस द्वारा स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर सादे वर्दी में महिला पुलिसकर्मी और विशेष निगरानी दल तैनात किए गए हैं, जो प्रतिदिन संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। मनचलों की पहचान कर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिए हैं कि महिला हेल्प डेस्क को पूरी सक्रियता के साथ संचालित किया जाए। महिलाएं किसी भी प्रकार की असुरक्षा महसूस करें तो 112 पर कॉल कर या नजदीकी पुलिस स्टेशन जाकर तुरंत शिकायत दर्ज करवा सकती हैं। अभियान के दौरान कई मनचलों को सार्वजनिक स्थानों से हिरासत में लेकर उन्हें चेतावनी दी गई। कुछ मामलों में परिजनों को बुलाकर सामाजिक उत्तरदायित्व का एहसास भी कराया गया, ताकि ऐसे युवा दोबारा ऐसी हरकतें न करें। कई स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से लगातार निगरानी की जा रही है।

## नागपुर स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल रहे विद्यार्थी सम्मानित, गांव में निकाला रोड शो

12वीं में गुरप्रीत कौर और 10वीं में सिमरन रही प्रथम

### विद्यार्थियों के परिजनों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नागपुर के विद्यार्थियों के सम्मान में आज गांव में रोड शो निकाला गया। इससे पूर्व विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मैरिट हासिल करने वाले विद्यार्थियों को विशेष तौर पर सम्मानित भी किया गया।

रोड शो के दौरान विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया और विद्यार्थियों व विद्यालय स्टाफ को इस परिणाम के लिए बधाई दी। विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यअतिथि के तौर पर ग्राम पंचायत नागपुर की सरपंच अनीता कम्बोज ने भाग लिया। स्कूल प्रधानाचार्य आनन्द प्रकाश ने मुख्यअतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि इस साल विद्यालय का 10वीं और 12वीं का परिणाम शानदार रहा है। 10वीं और 12वीं में स्कूल के 52 विद्यार्थियों ने बोर्ड मैरिज और 68 विद्यार्थियों ने जिला मैरिट में स्थान पाया है। दसवीं में 99.17 प्रतिशत और 12वीं में 99.08 प्रतिशत विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय व गांव का नाम रोशन किया है। 12वीं में विद्यालय की छात्रा गुरप्रीत कौर ने 500 में से 479 अंक लेकर व 10वीं में सिमरन ने 470 अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। 12वीं कॉमर्स संकाय में हिमांशु 454 अंकों के साथ तथा साइंस संकाय में नैन्सी 455 अंकों के साथ पहले स्थान पर रही। सरपंच अनीता कम्बोज ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आज सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है।


**नागपुर।** पीएम श्री राजकीय व.मा. विद्यालय नागपुर में बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल रही छात्राएं।

## टास्क पूरा करने के नाम पर 37 हजार की ठगी, आरोपी काबू

मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

साइबर थाना पुलिस ने टेलीग्राम एप से जोडक़र टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने के नाम पर गांव नेजाडेला निवासी सुरज प्रकाश से 37 हजार रुपए की साइबर करने के मामले में जुवेनाइज सहित तीन लोगों को राजस्थान क्षेत्र से काबू कर लिया है।

साइबर थाना प्रभारी सुभाष चंद्र ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अज्ञात मोबाइल नंबर से एक फोन आया कि आप हमारे टेलिग्राम एप से जुडक़र घर बैठे-बैठे लाखों करोड़ों रुपए कमा सकते हो। इसके लिए आपको कंपनी के बताए हुए टास्क को पूरा करना होगा, जैसे ही टास्क पूरा होगा आपके खाते में पैसे आ जाएंगे। उन्होंने बताया कि कुछ समय बाद पीड़ित व्यक्ति के मोबाइल नंबर पर एक टेलिग्राम लिंक आया जैसे ही पीड़ित ने लिंक को क्लिक किया तो उसमें टास्क पूरा कर मोटा मुनाफा कमाने का विज्ञापन आ रहे थे। पीड़ित व्यक्ति लालच में थोड़े-थोड़े पैसे इंवेस्टमेंट करने लगा, बदले में उसके अकाउंट में पैसे भी आने लगे। उन्होंने बताया कि पीड़ित व्यक्ति को साइबर ठगों ने पूरी तरह से अपने चुंगल में फसा कर छोटा टास्क पूरा कर ज्यादा पैसे लगाने का ऑफर दिया। पीड़ित ने लालच में आकर टास्क पूरा करने के लिए 37 हजार रुपए इंवेस्टमेंट कर दिए। उन्होंने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आधार पर साइबर थाना में ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई थी। जांच के दौरान साइबर थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त जुवेनाइनल सहित तीन लोगों को राजस्थान से काबू कर लिया। आरोपियों की पहचान कुंदन उर्फ रविंद्र पुत्र नरपत सिंह निवासी गांव लाडपुर जिला डिडवाना राजस्थान, रामस्वरुप उर्फ कालू पुत्र मुला राम कुकडोरोज बड़सू, जिला डिडवाना राजस्थान व जुवेनाइन राहुल कुमार पुत्र नेमी चंद निवासी जेलसर, मकराना राजस्थान के रुप में हुई है।

## एडीसी ने समिति के कार्यों को सराहा


**सिरसा।** एडीसी नागरिक अस्पताल में लंगर सेवा का निरीक्षण करते हुए।

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने मंगलवार को नागरिक अस्पताल में श्री लंगर सेवा समिति द्वारा दी जा रही लंगर सेवा की सराहना की और कहा कि प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है जोकि बहुत ही सराहनीय कार्य है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि यह सही मायने में मानव सेवा है। इस मौके पर श्री लंगर सेवा समिति के संरक्षक नंदलाल मेहता प्रधान दीपक तायल व अन्य पदाधिकारी ने बताया कि वर्ष 2002 से श्री लंगर सेवा समिति लगातार सामान्य अस्पताल में भोजन उपलब्ध करवा रही है, समिति द्वारा जनता हॉस्पिटल, अंध महाविद्यालय व प्रयास संस्था में भी भोजन उपलब्ध करवाया जाता है। संरक्षक ने बताया कि अकेले सिविल अस्पताल में प्रतिदिन 500 से 600 व्यक्तियों को भोजन उपलब्ध करवाया जाता है, सुबह नाश्ते में दूध, ब्रेड, बिस्कुट दिए जाते हैं तो लंच में दो सब्जी, रायता, दलिया व चपाती दी जाती है। इसी तरह डिनर में दो सब्जी के साथ खिचड़ी व चपाती दी जाती है तथा शाम को दूध भी दिया जाता है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. महेंद्र भादू, डॉ. विपुल गोयल, योगेश कुमार गुप्ता, हरीष कुमार, सुरेंद्र कुमार, नरेश भोला मौजूद रहे।

## पारिवारिक रौनक मेले का वरिष्ठ नागरिकों ने लिया आनंद

कच्ची हवेली में जुटे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सीनियर सिटीजंस वैलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ने मंगलवार को जिलाध्यक्ष कस्तूरी छाबड़ा के नेतृत्व में कच्ची हवेली में एक भव्य एवं मनोहारी पारिवारिक रौनक मेले का आयोजन किया। अनूठे मेले में संस्था के 68 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नृत्य, गायन एवं विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से जीवन की उमंगों को पुनः जिया। कच्ची हवेली की ग्रामीण पृष्ठभूमि, राजस्थान, हरियाणा व पंजाब की मिश्रित संस्कृति और ऐतिहासिक वातावरण ने सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनके बचपन की स्मृतियों में पहुंचा दिया। बैलगाड़ी, ऊंट, घोड़े और पुरानी कार की सवारी, नौका विहार, स्विमिंग पूल, मदारी का झोला, भूत बंगला, ज्योतिषी द्वारा भविष्यवाणी और पुराने समय के घरेलू दृश्य, जैसे मंजे, तंदूर, हुक्का सभी ने मिलकर आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया। हंसी-ठिठोली, चुटकुले, व्यंग्य और नृत्य-संगीत के बीच पुरुषों व महिलाओं द्वारा फिल्मी गीतों पर थिरकना कार्यक्रम की विशेषता रही। बेस्ट ड्रेस प्रतियोगिता, लक्की ड्रा और अनेक इनामों के बीच सभी सदस्य पूरे जोश और उमंग में नजर आए। हवेली आयोजकों द्वारा परोसे गए लजीज व्यंजन, विनम्र व्यवहार और पारंपरिक आतिथ्य ने इस आयोजन को और भी यादगार बना दिया। कार्यक्रम की सफलता पर सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर हरबंस नारंग, देवेंद्र पाहूजा, अशोक कुमार, तेजेंद्र लोहिया, सुशील गुप्ता, डीपी सिंगला, हरदयाल बेरी, नरेश नारंग, रघबीर चंद, इंद्र गोयल, रमेश साहुवाला, सुरेश मित्रा, ओमप्रकाश मेहता सहित अन्य मौजूद रहे।


**सिरसा।** पारिवारिक रौनक मेले का आनंद लेते वरिष्ठ नागरिक।

### पूल ट्यूब्स की स्लाइड्स का आनंद लिया

## गांधी विद्या मंदिर स्कूल के बच्चों ने वॉटर पार्क में की जमकर मस्ती


फतेहाबाद। वॉटर पार्क में मस्ती करते गांधी विद्या मंदिर स्कूल के विद्यार्थी।

**फतेहाबाद।** सैक्टर 12 स्थित गांधी विद्या मंदिर के बच्चों ने सिरसा स्थित एटलांटिक व ड्रीम वाटर पार्क में एक दिवसीय ट्रिप का आनन्द लिया। सर्वप्रथम वाटर पार्क के स्टाफ ने विद्यालय के बच्चों व अध्यापकों का भारतीय संस्कृति के अनुसार तिलक लगाकर स्वागत किया। पार्क प्रशासन द्वारा ग्रुप फोटो लिया गया। विद्यालय के बच्चों ने सबसे पहले वेलकम ड्रिंक तथा ब्रेकफास्ट का लुत्फ उठाया। फिर सभी बच्चों ने पुल वन में स्लाइड्स का आनंद लिया। सभी ने मिलकर रेन डांस कर जमकर मस्ती की। ग्रुप के बच्चों ने वेव पूल में लहरों का मजा लिया, ऐसा लगा कि वे पूल में नहीं मानो समुद्र की लहरों पर तैर रहे हों। सभी बच्चों का ग्रुप डांस देख कर पार्क में आए हुए अन्य मेहमान दंग रह गए। फिर सभी ने पूल ट्यूब्स की स्लाइड्स का आनंद लिया। मध्यांतर में सभी बच्चों व अध्यापकों ने लंच का लुत्फ उठाया।

### पैसे डबल करने का झांसा देकर तीन लाख ठगे

चोपटा। क्षेत्र में पंजाब के भटिंडा निवासी एक युवक के साथ पैसे डबल करने के नाम पर तीन लाख रुपये की ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित युवक तनमेय उर्फ गोल्डी पुत्र रूप चंद, हाल निवासी एकता कॉलोनी, भटिंडा ने इस संबंध में थाना नाथुसरी चौपटा में अपना बयान दर्ज करवाया है। नाथुसरी चोपटा थाना में रिपोर्ट दर्ज में तनमेय ने बताया कि वह भटिंडा बस स्टैंड के पास तनमेय मोबाइल केयर नामक दुकान चलाता है। उसकी मित्रता लभा पुत्र मंदार सिंह निवासी गुरुसर सेनिवाला (भटिंडा) से है। लभा ने ही तनमेय को सोमबीर पुत्र लीलूराम निवासी रतनपुरा, थाना भिरानी, जिला हनुमानगढ़ (राजस्थान) के बारे में बताया, जो कथित रूप से पैसे डबल करने का काम करता है। बातचीत के बाद तनमेय ने सोमबीर से व्हाट्सएप कॉल पर संपर्क किया। सोमबीर ने उसे बताया कि उसके बॉस भुरा निवासी सतनाम चौक सिरसा के माध्यम से पैसे डबल करवाए जा सकते हैं। भुरा से मुलाकात के लिए सोमबीर ने तनमेय को शाह सतनाम डेरा गेट नंबर 10 के पास बुलाया। तनमेय ने तीन लाख रुपये का इंतजाम कर अपने मित्र रमनदीप सिंह के साथ उक्त स्थान पर पहुंचा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

## कार्यभार संभालने के बाद विभिन्न संकायों के विभागाध्यक्षों की बैठक ली

# शिक्षक सौ प्रतिशत प्लेसमेंट का रखें लक्ष्य: कुलपति

*नवनियुक्त कुलपति प्रो. विजय कुमार ने मंगलवार को विभिन्न संकायों के अधिष्ठाताओं, निदेशकों एवं विभागाध्यक्षों के साथ औपचारिक बैठक की। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों एवं प्लेसमेंट ड्राइव को प्राथमिकता देते हुए विकास की रणनीति तैयार करने का आह्वान किया।*

### विवि को एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर ले जाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा के नवनियुक्त कुलपति प्रो. विजय कुमार ने मंगलवार को विभिन्न संकायों के अधिष्ठाताओं, निदेशकों एवं विभागाध्यक्षों के साथ औपचारिक बैठक की। उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों एवं प्लेसमेंट ड्राइव को प्राथमिकता देते हुए विकास की रणनीति तैयार करने का आह्वान किया। प्रो. विजय कुमार ने कहा कि उनका लक्ष्य विश्वविद्यालय को एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर ले जाना तथा हर विद्यार्थी को रोजगार से जोडऩा है। उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विजन के अनुरूप विकसित भारत की यात्रा में एक सशक्त भागीदार बनाया जाएगा। इस अवसर पर डीन अकादमिक अफेयर्स प्रो. सुरेश गहलावत ने प्रो. विजय कुमार का स्वागत किया और विश्वविद्यालय के समग्र विकास हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में प्रो. विजय कुमार ने कहा कि युवाओं को कौशल प्रशिक्षण मिल सके और उन्हें 100 प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित किया जा सके ऐसे पाठ्यक्रम तैयार किये जाएंगे। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अपने पाठ्यक्रमों को डिजिटल इंडिया मिशन, स्किल इंडिया, सेमीकॉन इंडिया प्रोग्राम और इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन को ध्यान में रखकर डिजाइन करें। उन्होंने फार्मेसी, पैरा-मेडिकल, टूरिज्म जैसे क्षेत्रों में रोजगार की व्यापक संभावनाओं को रेखांकित करते हुए नवीन पाठ्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करने पर बल दिया। प्रो. विजय कुमार ने विश्वविद्यालय समुदाय को सकारात्मक सोच के साथ हर चुनौती का सामना करने और सीडीएलयू को हर दृष्टि से उत्कृष्ट बनाने का मंत्र दिया। इस बैठक का आयोजन डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. सुरेश कुमार गहलावत द्वारा किया गया। बैठक में कुलसचिव प्रो. अशोक कुमार सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।


**सिरसा।** कुलपति विभिन्न संकायों के अधिष्ठाताओं, निदेशकों एवं विभागाध्यक्षों के साथ बैठक करते हुए।

### प्रो. दिलबाग सिंह का किया सम्मान

*सिरसा। चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा में आयोजित एक सादगीपूर्ण समारोह में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय (आईजीयू) मीरपुर के कुलसचिव प्रो. दिलबाग सिंह का सम्मान किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम सीडीएलयू के कुलपति प्रो. विजय कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में सीडीएलयू के शिक्षकों की पहल पर हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा, जब मैं मीरपुर विश्वविद्यालय में था, तब लगभग तीन माह प्रो. दिलबाग सिंह के साथ कार्य करने का अवसर मिला। वह समय हम दोनों के लिए आपसी सीख और सहयोग का रहा। उनका समर्पण और नेतृत्व प्रशंसनीय है। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. सुरेश कुमार गहलावत और राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. राजबीर दलाल ने उन्हें समर्पित शिक्षक एवं कुशल प्रशासक के रूप में स्मरण किया।*